# COMMON PRE-BOARD EXAMINATION: 2022-23
## Class-X Subject: HINDI-B(2ND LANG.) (085)
**Date: 12/01/2023**

*Time Allowed :3Hours* *M. Marks:80*

*General Instructions*:

1 इस प्रश्न पत्र में 2 खंड है खंड 'अ' और 'ब'।
2 खंड 'अ' में वस्तु परक प्रश्न पूछे गए हैं ।
3 खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
4 निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए ।
5 दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न है दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
6 यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

### खंड –अ (वस्तुपरक प्रश्न)
(अपठित गद्यांश)

प्रश्न1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - **1×5=5**

गद्यांश -1

स्वार्थ की नींव पर संबंधों का प्रासाद (महल) नहीं बनता। नि:स्वार्थ भाव से सबका ध्यान रखना संबंधों के लिए अनिवार्य है। संबंधों का महत्व उनको निभाने में है, भार समझकर ढोने में नहीं। वाणी का माधुर्य वह शक्ति है जो पूरे परिवार को एक सूत्र में बाँध सकती है, वहीं कटुता की कैंची संबंधों को छिन्न-भिन्न भी कर सकती है। अतः सब के साथ मधुर व्यवहार करें। अपने इस व्यवहार को विस्तार दें और इसकी सुगंध परिवार से पड़ोस में भी जाने दें। आपके पड़ोस में तनाव रहेगा तो आप भी अवश्य अशांत होंगे। सब कुछ बदला जा सकता है, परंतु पड़ोसी नहीं बदले जा सकते। अतः पड़ोसियों के साथ भी आपका व्यवहार मधुर होना चाहिए। इसी मधुर व्यवहार से सामाजिक समरसता का विकास होगा। कटुता से समरसता नष्ट होती है। कटुता हमारे सामाजिक संबंधों को अल्पायु तो बनाती ही है तथा साथ ही यह बहुत सारी समस्याओं की जननी भी है। सांप्रदायिक उपद्रव इसी कटुता और विद्वेष की कभी ना सूखने वाली विषैली फसल है जिससे देश बुरी तरह प्रभावित होता रहता है। पिछले कुछ वर्षों में कट्टरवाद, क्षेत्रवाद तथा जातिगत भेदभाव और गहन हुआ है। इसे शुभ संकेत नहीं समझा जा सकता। किसी भी राष्ट्र की नींव के लिए यह घातक तत्त्व हैं। स्वतंत्रता का संघर्ष हम सब ने जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर किया है। आज भी उसी भावना की नितांत आवश्यकता है। परिवार से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उन्हीं संबंधों का निर्वाह करना आज भी उतना ही अपरिहार्य है, जितना आज़ादी से पहले था।

क) संबंधों का प्रासाद किस पर बनता है ?
अ) स्वार्थ की नींव पर
ब) भार समझकर ढोने पर
स) बिना किसी लालच के व्यवहार करने पर
द) जीवन में संबंधों के होने पर

ख) परिवार को एक सूत्र में बाँधने का काम कौन सी शक्ति करती है?

अ) कटुता की कैंची
ब) क्षेत्रवाद
स सांप्रदायिक उपद्रव
द) वाणी का माधुर्य

ग) क्या नहीं बदला जा सकता?

अ) व्यवहार
ब) भाव
स) पड़ोसी
द) कैंची

घ) राष्ट्र के लिए इनमें से कौन सा तत्व घातक नहीं है?

अ) कट्टरवाद
ब) क्षेत्रवाद
स) जातिगत भेदभाव
द) मधुर व्यवहार

ङ) निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व समस्याओं को जन्म देता है?

अ) स्वतंत्रता
ब) कटुता
स) वाणी का माधुर्य
द) समरसता

प्रश्न2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | - **1×5=5**

अपठित गद्यांश -2

जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्या है? मेरे विचार से इसका आशय है हर चीज़ की जाँच परख करना, गलतियाँ करते हुए उनसे सीख कर और परीक्षण करके सत्य की तलाश करना। यह कभी नहीं कहना कि ऐसा ही होना चाहिए, बल्कि इस बात को समझना कि ऐसा क्यों है। पूरी तरह आश्वस्त होकर उसे स्वीकार करना और अपने विचारों को बदलने की क्षमता रखना। इस प्रकार का खुला दिमाग रखना कि जो जहाँ से भी मिले सच्चाई ग्रहण करने का इच्छुक रहे। अगर यही संस्कृति है तो बहुत-सी राष्ट्रीय- अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं को हल करना आसान हो जाएगा।
प्राय: दुनिया का हर देशवासी यह विश्वास करता है कि सृष्टा ने उसे कुछ विशेष गुण देकर भेजा है, कि वही दूसरों की अपेक्षा श्रेष्ठ जातीय समुदाय का है। दूसरे चाहे अच्छे या बुरे, लेकिन उससे कुछ घटिया प्राणी हैं। अपनी इस धारणा के बावजूद कि हम कई चीजों में दूसरों से श्रेष्ठ हैं, इतिहास इस बात का प्रमाण है कि ऐसे देशों को कुछ विशेष परिस्थितियों में मजबूर होकर यह मानना पड़ा कि उन्हें भी हराया जा सकता है और उनका शोषण भी किया जा सकता है। हम भी भौतिक और तकनीकी चीजों में बहुत आगे बढ़े हुए नहीं थे, लेकिन यह बड़ी ऊपरी चीजें हैं, फिर भी हम ज़रूरी चीजों में आध्यात्मिकता और नैतिकता में दूसरों से ऊँचे हैं किंतु सत्य यह भी है कि एक ही बात को पकड़ कर बैठे रहना जड़ता को जन्म देता है।

हमें खुले मन-मस्तिष्क से अपने पारंपरिक विचारों को वैज्ञानिक चिंतन की कसौटी पर कसने-परखने के लिए तत्पर रहना चाहिए और यदि कोई बात, कोई मान्यता आज अवैज्ञानिक सिद्ध हो तो उसे त्यागने या उसमें परिमार्जन करने में संकोच नहीं करना चाहिए क्योंकि यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रमुख लक्षण है।

क) वैज्ञानिक दृष्टिकोण को लेखक ने कैसे समझाया है?

अ) विज्ञान विषय में रुचि लेना
ब ) विज्ञान की पुस्तकें पढ़ना
स) तार्किक होकर परीक्षण करना
द ) विज्ञान पर पूर्ण विश्वास रखना

ख) हमें जीवन की समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए?

अ)अनुभवी व्यक्तियों से परामर्श लेकर
ब ) भविष्य की योजनाएँ बना कर
स) खुले दिमाग से तथा गलतियों से सीख कर
द ) पारिवारिक स्थितियों को जाँच कर

ग) प्राय: लोग अपने बारे में क्या धारणा रखते हैं ?

अ) उनका भी शोषण हो सकता है
ब ) उन्हें भी हराया जा सकता है
स) स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं
द ) वे समाज के लिए कुछ नहीं कर सकते

घ) राष्ट्रीय -अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान कब संभव है?

अ)विश्व स्तर पर वार्तालाप करके
ब ) संयुक्त राष्ट्र संघ की सहायता लेकर
स)खुले दिमाग से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर
द) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापित करके

ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक चुनकर लिखिए

अ)वैज्ञानिक दृष्टिकोण
ब ) नैतिकता
स) आध्यात्मिकता
द ) सामाजिकता

प्रश्न.3 - पदबंध पर आधारित 5 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए|_ **1X4=4**

क. <u>स्कूल के पीछे लगा हुआ पेड़</u> आज गिर गया।

अ)सर्वनाम पदबंध
ब) विशेषण पदबंध
स) संज्ञा पदबंध
द) क्रिया विशेषण

ख. महेश पहले से बहुत अच्छा बोला।

अ)क्रियाविशेषण पदबंध

ब) संज्ञा पदबंध

स) सर्वनाम पदबंध

द) विशेषण पदबंध

ग. तताँरा बहुत नेक और मददगार था।

अ) विशेषण पदबंध

ब) सर्वनाम पदबंध

स) संज्ञा पदबंध

द) क्रियाविशेषण पदबंध

घ.वामीरो निरंतर रोए जा रही थी।

अ) संज्ञा पदबंध

ब) सर्वनाम पदबंध

स) क्रिया पदबंध

द) क्रियाविशेषण पदबंध

ङ. यहाँ रहने वाले कुछ अच्छे हैं, तो कुछ बुरे।

अ) संज्ञा पदबंध

ब) सर्वनाम पदबंध

स) क्रिया पदबंध

द) क्रियाविशेषण पदबंध

प्रश्न 4 रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |– 1 **X**4 =**4**

क. 'जहाँ चाह, वहाँ राह' का वाक्य भेद लिखिए।

अ) सरल वाक्य

ब) मिश्र वाक्य

स) संयुक्त वाक्य

द) संकेतवाचक वाक्य

ख. 'आप चाय पिएँगे या कॉफी?' का वाक्य भेद लिखिए।

अ) सरल वाक्य

ब) मिश्र वाक्य

स) संयुक्त वाक्य

द) आज्ञावाचक वाक्य

ग.तेज वर्षा हुई। नदी में बाढ़ आ गई। सही मिश्र वाक्य बताइए ।

अ) क्योंकि तेज वर्षा हुई इसलिए नदी में बाढ़ आ गई ।

ब) तेज वर्षा के कारण नदी में बाढ़ आ गई।

स) तेज वर्षा हुई इसलिए नदी में बाढ़ आ गई।

द) चूँकि तेज वर्षा हुई इसलिए नदी में बाढ़ आ गई |

घ. 'शेर दिखाई दिया। सब बच्चे डरकर भाग गए।' सही संयुक्त वाक्य बताइए।

अ) शेर के दिखाई देने पर बच्चे डर कर भाग गए।

ब) शेर दिखाई दिया इसलिए सब बच्चे डर कर भाग गए।

स) ज्यों ही शेर दिखा, बच्चे डर कर भाग गए।

द) बच्चे डरकर भाग गए क्योंकि शेर दिखाई दिया |

ङ. 'छात्र स्कूल से घर आया। वह खेलने चला गया।' सरल वाक्य बनाइए।

अ) छात्र स्कूल से घर आकर खेलने चला गया।
ब) छात्र स्कूल से घर आया और खेलने चला गया।
स) छात्र जब स्कूल से घर आया तो खेलने चला गया।
द) छात्र खेलने जाने से पहले , स्कूल से घर आया |

प्रश्न 5- समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**-1X4 =4**

क- 'ग्रंथ रूपी रत्न' का समस्तपद बनाइए।

अ) रत्नग्रंथ
ब) ग्रंथरत्न
स) ग्रंथरत्ना
द) रत्नग्रन्था

ख- 'प्रधानमंत्री' का उचित विग्रह कीजिए:

अ) प्रधान है जो मंत्री
ब) मंत्रियों में प्रधान
स) प्रधान और मंत्री
द) मंत्रियों का प्रधान

ग- 'अधपका' में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए:

अ) तत्पुरुष
ब) कर्मधारय
स) द्विगु
द) बहुव्रीहि

घ- 'आमरण' में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए:

अ) बहुव्रीहि
ब) अव्ययीभाव
स) तत्पुरुष
द) कर्मधारय

ङ- 'शताब्दी' में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए:

अ) अव्ययीभाव
ब) तत्पुरुष
स) द्विगु
द) कर्मधारय

प्रश्न 6- मुहावरों पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1X4 =4**

क) अनुभव ना होने के बावजूद मोहन को अच्छी नौकरी मिल गई, इसे कहते हैं _______। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

अ) अंधे के हाथ बटेर लगना
ब) आँखें फोड़ना
स) छोटा मुँह बड़ी बात
द) हक्के-बक्के रह जाना

ख) अपने घर वालों का व्यवहार देखकर हरिहर काका ________। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए -

अ) अँगारे उगलना
ब) काम तमाम करना
स) आसमान से जमीन पर गिरना
द) फूटी आँख न सुहाना

ग) छात्रवृत्ति की परीक्षा में प्रथम आने पर दिनेश के मन पर छाए ________गए। उपयुक्त मुहावरा भरिए –

अ) फूले न समाना
ब) घी के दीए जलाना
स) निराशा के बादल छँटना
द) हक्के-बक्के रह जाना

घ) सोहन की बड़ी-बड़ी बातें सुनकर उसके सभी दोस्त _________। उपयुक्त मुहावरा भरिए-

अ) छोटा मुँह बड़ी बात
ब) जी ललचाना
स) चक्कर खा जाना
द) खून जलाना

ङ) सबके सामने चोरी पकड़ी गई तो वह पसीना पसीना हो गया। रेखांकित मुहावरे के स्थान पर उपयुक्त मुहावरे का चयन करके लिखें –

अ) गदगद हो जाना
ब) नौ दो ग्यारह होना
स) पानी-पानी होना
द) मुट्ठी भर पानी में डूब जाना

च) 'रंग दिखाना' मुहावरे का सही वाक्य-प्रयोग है –

अ) घर पहुँचते ही रमेश ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया।
ब) रंग दिखाना सभी को नहीं आता।
स) वाह! उसने क्या रंग दिखाया है।
द) मैं तुम्हें रंग दिखाता हूँ ।

छ) बड़े भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसे-ऐसे सूक्ति बाण चलाते कि मेरी हिम्मत टूट जाती। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है –

अ) क्रोधित होना
ब) सही निशाना लगाना
स) व्यंग्य पूर्ण बातें करना
द) डरना धमकाना

प्रश्न-7-निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए। **1×5=5**

खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावण कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम तुम ही लक्ष्मण साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों|

क) इस गीत के कवि कौन है ?

अ) मजरूह सुल्तानपुरी
ब) निदा फ़ाज़ली
स) कैफी आज़मी
द) सैयद जाफरी

ख) खूँ से ज़मीं पर लकीर खींचने का अर्थ है -

अ) खून बिखराना
ब) शत्रुओं का खून करना
स) अपने खून से रेखा खींचना
द) अपने बलिदान से सीमा की रक्षा करना ।

ग) 'हाथ उठने 'का आशय है ?

अ) विपत्ति आना
ब) आक्रमण होना
स) संघर्ष होना
द) मित्रता होना

घ) राम-लक्ष्मण यहाँ किसके प्रतीक हैं ?

अ) रिश्तेदारों के
ब) मर्यादा रक्षकों के
स) संस्कृति के
द) हिन्दू धर्म के

ङ) छू न पाए सीता का दामन पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है ?

अ) माता सीता का अपमान न हो
ब) देश की स्त्रियों की लाज की रक्षा हो
स) भारत माता का अपमान न हो
द) नागरिकों की मर्यादा पर आंच न आये

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- **1×2 =2**

क) 'मर्त्य' शब्द से कवि का क्या आशय है

अ) मछली ब) वीरता
स) मरणशील द) योग्य

ख) पर्वत का गौरव कौन गा रहा है ?

अ) सरोवर ब) झरना
स) वृक्ष द) तेज हवाएँ

प्रश्न 9- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए। **1×5=5**

हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोक तत्व का अभाव वे जीवन से दूर होती हैं, यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उसे ग्लोरीफाई किया जाता है । दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करती है। मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है । वह सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन लिप्सा से कोसों दूर थे ।

जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुंचा जाता है । व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है । शैलेंद्र ने तीसरी कसम को अपनी भाव प्रवणता का सर्वश्रेष्ठ तथ्य प्रदान किया मुकेश की आवाज़ में शैलेंद्र का एक गीत तो अद्वितीय बन गया है

क) भारतीय फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है-

अ) व्यवसायीकरण ब) कमज़ोर कथानक

स) दिशाहीन संगीत द) जन साधारण से परे

ख) फिल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन क्यों किया जाता है ? -

अ) दर्शकों की भावनाओं का शोषण करने के लिए

ब) समाज के दुखों को उजागर करने के लिए

स) अधिक आय के लिए

द) उपरोक्त सभी

ग) शैलेन्द्र के जीवन और फिल्मों में क्या समानता थी?

अ) फ़िल्मी चकाचौंध के बावजूद लालच से दूर रहना ।

ब) फ़िल्मी चकाचौंध के कारण धन और सम्मान कमाना ।

स) फ़िल्मी चकाचौंध और गीतों का सहारा लेना ।

द) फ़िल्मी चकाचौंध के अलावा समाज की भलाई करना ।

घ) तीसरी कसम फिल्म की विशिष्ट बात क्या थी?

अ) फिल्म में प्रसिद्ध नायक- नायिकाओं का होना।

ब) फिल्म को कम बजट में बनाना ।

स) दुःख को जीवन में सामान्य ढंग से प्रस्तुत करना ।

द) गाँव और शहर की तुलना करना ।

ङ) व्यथा मनुष्य को क्या संदेश देती है ?

अ) सभी कष्टों के प्रति सजग रहने का ।

ब) भविष्य के लिए बचत करने का ।

स) किसी की बात पर ध्यान न देने का ।

द) हताशा को छोड़ प्रगति करने का ।

प्रश्न 10- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- **1×2=2**

क) 'महज़ इम्तहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है, बुद्धि का विकास'
ऐसा कहकर लेखक क्या बताना चाहते हैं?

अ) शास्त्र विद्या अहंकार को जन्म देती है ।

ब) हमें उत्तम अंक लेन का प्रयास करना चाहिए।

स) शिक्षा प्राप्त करने का परम उद्देश्य विवेकशील बनना है ।

द) शिक्षा से बुद्धि का विकास नहीं होता ।

ख) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन से वाक्य पाठ 'डायरी का एक पन्ना' के संदेश को दर्शाते हैं -

**i)** यदि समाज संगठित हो कर प्रयास करे तो कोई कार्य असंभव नहीं है।
**ii)** कानूनों का उल्लंघन करना गर्व की बात है ।
**iii)** अपनी माँगें मनवाने के लिए धरने देना उचित है।
**iv)** अपने आज़ाद देश की रक्षा करना हम सबका कर्त्तव्य है

अ) **ii) iii)** ब) **i) ii)**
स) **i) iv)** द) **i) iii)**

## खंड –ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न **11**- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में दीजिए । **3x2 =6**

क) गीत संगीत में अनोखा जादू होता है ,वह अनायास ही किसी को भी आकर्षित कर लेता है, इसी सन्दर्भ में तताँरा- वामीरो की पहली मुलाकात का वर्णन कीजिए।

ख) हमें सत्य में जीना है और सत्य केवल वर्तमान है, पतझड़ में टूटी पत्तियाँ पाठ के आधार पर बताइए, लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

ग) इसमें संदेह नहीं कि हमें अपने आस-पास कई ऐसे लोग मिल जाएँगे जो प्रकृति या अन्य जीवों की खातिर तकलीफ़ उठाने को तैयार हों । लेखक ने शेख़ अयाज़ के पिता की संवेदनशीलता को कैसे दर्शाया है?

प्रश्न **12**- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में दीजिए। **3x2=6**

क) ऐसी कौन सी बातें हैं जो 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से हम तक पहुंचाई गई हैं।

ख) 'आत्मत्राण' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

ग) कृष्ण की दासी बनकर मीरा की कौन-सी तीन इच्छाएँ पूरी हो जाएँगी?

प्रश्न **13** –निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में दीजिए । **3x2=6**

क) पारिवारिक संबंधों में आई खटास ने हरिहर काका को अपने ही घर में पराया बना दिया, इससे उनके जीवन में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक परिवर्तनों को रेखांकित कीजिए|

ख) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों के विकास हेतु शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है|

ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि मित्रता को मजहब की दीवारों में कैद नहीं किया जा सकता|

प्रश्न **14**-निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **80-100**शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5x1=5**

क) परोपकार
- शाब्दिक अर्थ
- जीवन पर प्रभाव
- उदाहरण
- निष्कर्ष

ख) कामकाजी नारी के समक्ष चुनौतियाँ
- नौकरी की आवश्यकता
- घर और नौकरी के बीच सामंजस्य
- सामाजिक मानसिकता
- सुरक्षा का प्रश्न

ग) मतदान का अधिकार

- इस अधिकार का परिचय
- प्रजातंत्र के लिए क्यों ज़रूरी
- सदुपयोग
- दुरुपयोग

प्रश्न **15**– किसी बस में वारदात कर भाग रहे अपराधी को संवाहक (कंडक्टर) द्वारा पकड़कर पुलिस को सौंपने की घटना के विवरण की जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के प्रबंधक को पत्र लिखकर उसे पुरस्कृत करने का अनुरोध कीजिए। **5x1=5**

अथवा

आपके मोहल्ले में सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते हैं, इससे जगह–जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं| सफाई की अव्यवस्था की ओर ध्यान दिलाने हेतु सफाई अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 16- आपके पिताजी अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं इसके लिए पूरा विवरण देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3x1=3**

अथवा

अपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में नि:शुल्क वितरण करने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 17-आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं| विद्यालय में होने वाली कविता प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु एक सूचना तैयार कीजिए। **4x1=4**

अथवा

होली के अवसर पर 'इंडियन सोशल क्लब' एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होटल 'फलाज' में कराने जा रहा है| सचिव होने के नाते 30 से 40 शब्दों में इसकी सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 18 –'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' विषय पर एक लघु कथा लिखिए। **5x1=5**

अथवा

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए ईमेल लिखिए ।